हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.6°c
न्यूनतम 26.2°c

**शहर में आज**
- अंडर 20 जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच बंसीलाल स्टेडियम में सुबह 9 बजे।
- स्कूली खेल प्रतियोगिताएं सुबह 9 बजे।
- कॉलेजों की मैरिट लिस्ट सुबह 10 बजे।
- निगमायुक्त की बैठक दोपहर 12 बजे।
- गंदगी फैलाने वालों के कटेंगे चालान।

श्री श्री 1008 श्री खेतेश्वर भगवान एवं श्री परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा से हमारे नवीन प्रतिष्ठान का
भव्य शुभारम्भ
बीकानेर मिठाईवाला
रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं।
सावन के पावन पर्व पर स्पेशल देशी घी के घेवर
22 जुलाई 2026, बुधवार प्रातः 09:00 बजे से आपके आगमन तक
स्थान : सोनीपत रोड़, शीला सिनेमा के सामने, शीला बाईपास चौक, सुभाष नगर, रोहतक, सम्पर्क सूत्र : 9660047550

**खबर संक्षेप**

## थाना परिसर में मां-बेटी पर हमला, छह पर केस

**रोहतक।** महम थाना परिसर में शिकायत देने पहुंची मां-बेटी पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि हमले में महिला का कान फट गया। अपनी शिकायत में समायण निवासी चंद्रपति उर्फ पिंकी पत्नी कृष्ण कुमार ने बताया कि 20 जुलाई को वह अपनी बेटी ज्योति से संबंधित शिकायत देने महम थाना पहुंची थी। तभी ज्योति के ससुराल वाले वहां पहुंच गए और उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने दीपक, श्री भगवान, नरेश देवी, वंश, मोहित और मोनू के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अवैध पिस्तौल समेत एक युवक काबू, केस दर्ज

**महम।** महम में एक युवक को अवैध पिस्तौल समेत गिरफ्तार कर उसके आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर किया है। गुप्त सूचना पर आउटर बाइपास पर शेरे पंजाब होटल के पास पहुंची तो वहां खड़ा युवक पुलिस को देखकर भेणी महाराजपुर गांव की ओर जाने लगा। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद मिले। उसकी पहचान हिसार के कैमरी गांव निवासी मनीष उर्फ कैरा पुत्र रामजी के रूप में हुई है।

### 7 दिन में पुलिस की 3 बड़ी कार्रवाई, 2 करोड़ से ज्यादा का नशा बरामद, 9 तस्कर दबोचे

# मछली के दाने में छुपा था करोड़ों का नशा

- पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सतर्कता ने किया नशा तस्करों पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ट्रक में ऊपर से सब कुछ सामान्य दिख रहा था। बोरियों में भरा था मछली का दाना, लेकिन उसके नीचे छिपा था करोड़ों रुपये का नशे का जखीरा। तस्करों को भरोसा था कि वैध सामान की आड़ में उनकी खेप आसानी से गंतव्य तक पहुंच जाएगी, लेकिन रोहतक पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की सतर्कता ने उनके पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दिया। एक सप्ताह के भीतर तीन अलग-अलग ऑपरेशन में पुलिस ने चरस, अफीम, गांजा और डोडा पोस्त की दो करोड़ रुपये से अधिक कीमत की खेप जब्त करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और सप्लाई चेन की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एक सप्ताह के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह नशा अलग-अलग राज्यों से हरियाणा और पंजाब में सप्लाई के लिए लाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।





रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में मादक पदार्थ के साथ पकड़े गए तस्करी के आरोपी।

### उत्तराखंड से लाई जा रही थी अफीम और चरस

एसपी ने बताया कि 16 जुलाई को गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने गांव निंदाना के पास दो संदिग्ध वाहनों को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान 10 किलो 320 ग्राम अफीम और 21 किलो 507 ग्राम चरस बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ पांच लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक क्रेटा कार और दूसरी पायलटिंग कर रही गाड़ी को भी कब्जे में लिया है। पूछताछ में सामने आया कि खेप उत्तराखंड से लाई जा रही थी और रोहतक क्षेत्र में इसकी सप्लाई की जानी थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस खेप का अंतिम खरीदार कौन था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### मछली के दाने की आड़ में छिपा रखा था 221 किलो गांजा

18 जुलाई को कलानौर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। ट्रक में मछली के दाने की बोरियां भरी हुई थीं, लेकिन गहन जांच करने पर उन्हीं बोरियों के बीच से 221 किलो गांजा बरामद हुआ। इसकी अवैध बाजार में कीमत करीब एक करोड़ दस लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि ट्रक छत्तीसगढ़ से चला था और जींद में गांजे की सप्लाई की जानी थी। तस्करों ने वैध माल की आड़ लेकर पुलिस को चकमा देने की पूरी तैयारी कर रखी थी, लेकिन जांच के दौरान उनकी यह चालाकी बेनकाब हो गई।

### खैरड़ी मोड़ के पास 550 किलो डोडा पोस्त के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने खैरड़ी मोड़ के पास एक वाहन से 550 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। इस मामले में मध्य प्रदेश निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला कि यह खेप मध्य प्रदेश से पंजाब के राजपुरा (पटियाला) भेजी जा रही थी। पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर लिया है और यह जांच की जा रही है कि इस खेप की सप्लाई किसके कहने पर की जा रही थी तथा इसके पीछे कौन-सा गिरोह सक्रिय है।

### जेल से छूटकर बना नशा तस्कर

एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि अफीम और चरस मामले में गिरफ्तार आरोपी दीपक पहले भी नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। वह करीब डेढ़ साल जेल में रहने के बाद बाहर आया था, लेकिन उसने दोबारा इसी अवैध कारोबार को अपना लिया। पुलिस उसके पुराने रिकॉर्ड के साथ-साथ उससे जुड़े अन्य लोगों की भी जांच कर रही है, ताकि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके।

### तस्करों पर जारी रहेगी कार्रवाई

जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। चाहे तस्कर कितनी भी नई तरकीब अपनाएं या वैध सामान की आड़ लेने की कोशिश करें, पुलिस की निगरानी और खुफिया तंत्र लगातार सक्रिय है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य राज्यों तक फैले नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य केवल खेप पकड़ना ही नहीं, बल्कि पूरे गिरोह को कानून के शिकंजे में लाना है ताकि जिले में नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

-गौरव राजपुरोहित, एसपी

## एप डाउनलोड करवा एमडीयू सहायक से ₹1.38 लाख ठगे

**रोहतक।** साइबर ठग ने एमडीयू के सहायक के तीन क्रेडिट कार्डों से 1.38 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने एसबीआई का कर्मचारी बन उसके फोन में फर्जी एप डाउनलोड करवाकर इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने तुरंत कार्ड ब्लॉक कराए और राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। अब साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपनी शिकायत में मूल रूप से खरावड़ और हाल एमडीयू कैंपस में रहने वाले सुरजीत सिंह पुत्र रामनिवास ने बताया कि वह विवि की अकाउंट शाखा में सहायक के पद पर कार्यरत है। उसके पास तीन बैंकों के क्रेडिट कार्ड हैं। 14 जुलाई को उसके पास एक कॉल आई और कॉलर ने खुद को एसबीआई कर्मी बता कर उसे एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर चार्ज लगने का झांसा दिया और व्हाट्सएप से एक एप डाउनलोड करवा ली। इसके बाद उसका मोबाइल हैक हो गया। फोन फैक्ट्री रीसेट और क्रेडिट कार्ड ब्लॉक होने तक उसके यस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 99,999 रुपये, आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से 38,429 रुपये निकल गए। इसके बाद उसने हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

## रिटायर्ड हेडमास्टर के खाते से 1.69 लाख रुपये उड़ाए

**रोहतक।** यूट्यूब पर योनो एसबीआई के फर्जी विज्ञापन से साइबर ठगों ने सेवानिवृत्त हेडमास्टर के खाते से 1.69 लाख रुपये निकाल लिए। ठगों ने खुद को बैंक अधिकारी बता फोन में फर्जी एप डाउनलोड करवाकर रकम ट्रांसफर कर ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छोटूराम नगर निवासी पवन सिंह हुड्डा पुत्र रणसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हेडमास्टर पद से सेवानिवृत्त हैं। वे फोन में यूट्यूब देख रहे थे। तभी योनो एसबीआई का विज्ञापन दिखाई दिया। उन्होंने उस पर क्लिक कर अपनी जानकारी भर दी। कुछ ही देर बाद उनके पास एक फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को एसबीआई का मैनेजर अजय बताकर कहा कि एप का इस्तेमाल करने से बैंक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और व्हाट्सएप पर योनो एसबीआई नाम की दो एप्लीकेशन भेजकर मोबाइल में इंस्टॉल करवा दी और उनसे बैंक संबंधी जानकारी लेते रहे। अलग नंबर से कॉल कर रजिस्ट्रेशन के नाम पर दूसरे बैंक खाते की जानकारी मांगी तो शिकायतकर्ता ने फोन काट दिया। अगले दिन शिकायतकर्ता के एसबीआई खाते से 1.50 लाख रुपये और 19 हजार रुपये, कुल 1.69 लाख रुपये निकल गए।

## इंडिया मार्ट पर वेरिफाइड सेलर बन 1.05 लाख ठगे

**रोहतक।** साइबर ठग ने खुद को इंडिया मार्ट पर वेरिफाइड सेलर बता सोलर इन्वर्टर सप्लाई करने का झांसा देकर जनता कॉलोनी के एक व्यक्ति से 1.05 लाख रुपये ठग लिए। रुपये लेने के बाद आरोपी ने न तो सामान भेजा और न ही रुपये लौटाए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जनता कॉलोनी निवासी तरुण पुत्र मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पूरे हरियाणा में सोलर लगाने का कार्य करता है। एक ग्राहक के लिए सोलर इन्वर्टर खरीदने के उद्देश्य से उसने इंडिया मार्ट पर वेरिफाइड सेलर की तलाश की। इस दौरान उसे ओनिक्स इंडिया एंटरप्राइज, हिसार नाम से एक विक्रेता मिला। बातचीत में उसने अपना नाम महाबीर प्रसाद बताया। उसने व्हाट्सएप पर प्रोफार्मा इनवॉइस भेजी, जिसे देखने के बाद तरुण ने अपनी कंपनी के करंट अकाउंट से 1,05,020 रुपये संबंधित फर्म के बैंक खाते में एनईएफटी के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। राशि मिलने के बाद आरोपी ने कुछ दिनों तक सामान भेजने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। जब तरुण आरोपी के बताए गए पते पर पहुंचा तो वहां कार्यालय भी खाली मिला। इसके बाद उसे अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई।

## महम में व्यक्ति से 70 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी

**महम।** महम में एक व्यक्ति के साथ 70 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी हो गई। कस्बा महम के वार्ड 3 निवासी मनोज कुमार पुत्र सत्यवान ने महम थाने में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फरमाणा चुंगी के पास खेड़ी रोड पर रहता है। उसके मोबाइल फोन पर एक अनजान व्यक्ति का फोन आया। उसने उसको अपनी बातों में उलझाकर उसके व्हाट्सएप पर स्केनर भेजकर एक बार 45 हजार रुपये और दूसरी बार 25 हजार रुपये अपने एकाउंट में डलवा लिए। बाद में पता चला कि उसके साथ 70 हजार रुपये की ठगी हो गई है। उसने साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर भी शिकायत दर्ज करवा दी है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


## हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल एक माह से पड़ा है ठप

# पोर्टल में अटके करोड़ों के काम

- तकनीकि विशेषज्ञ पोर्टल की रिपेयर में जुटे, अधिकारी और जनप्रतिनिधि परेशान
- शहर में 28 सड़कों की टेंडर प्रक्रिया व पंचायत विभाग के 90 से अधिक एस्टीमेट व टेंडर लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इन दिनों विकास कार्य किसी बजट, प्रशासनिक आदेश या मौसम की वजह से नहीं, बल्कि एक तकनीकी खामी के कारण ठहर गए हैं। जिस हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल के जरिए सड़कों, भवनों, पेयजल, पंचायत और अन्य विकास परियोजनाओं की पूरी प्रक्रिया संचालित होती है, वही पिछले करीब एक माह से ठप पड़ा है। नतीजतन करोड़ों रुपये के टेंडर, वर्क ऑर्डर, भुगतान और नई परियोजनाओं की स्वीकृतियां अटक गई हैं। तकनीकी विशेषज्ञ पोर्टल को दुरुस्त करने में जुटे हैं, लेकिन समस्या लंबी खिंचने से अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ठेकेदार सभी परेशान हैं। सरकार के लगभग सभी इंजीनियरिंग विभागों की कार्यप्रणाली हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पर आधारित है।




### सड़क, नाली, भवन व पेयजल से जुड़े कार्य नहीं हो रहे शुरू

सूत्रों का कहना है कि रोहतक की बात करें तो करीब 28 सड़कों के टेंडर जारी नहीं हो पाए हैं। वहीं पंचायत विभाग के 90 से अधिक एस्टीमेट और टेंडर लंबित पड़े हैं। जिन विकास कार्यों की प्रक्रिया अंतिम चरण में थी, वे भी आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। कई निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को भुगतान नहीं मिलने से कार्यस्थलों पर गतिविधियां धीमी पड़ गई हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की चिंता भी बढ़ गई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत विकास कार्य शुरू नहीं होने से लोगों के सवालों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायतों और स्थानीय निकायों द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पोर्टल पर लंबित हैं, जबकि कई स्थानों पर सड़क, नाली, भवन और पेयजल से जुड़े कार्य समय पर शुरू नहीं हो सके हैं।

### प्रभावित को गई है पूरी व्यवस्था

लोक निर्माण विभाग (बी एंड आर), पंचायती राज, शहरी स्थानीय निकाय, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई समेत अन्य विभागों में टेंडर जारी करने से लेकर एस्टीमेट तैयार करने, तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृति, वर्क ऑर्डर जारी करने और बिल भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया इसी पोर्टल के माध्यम से होती है। पोर्टल बंद होने से यह पूरी व्यवस्था प्रभावित हो गई है।

### नए टेंडर अटके, वर्क ऑर्डर भी लंबित

नगर निगम के पार्षदों के मुताबिक, काफी समय से पोर्टल नहीं चलने से नए टेंडर जारी नहीं हो रहे, वर्क आर्डर लंबित हैं, तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृतियां नहीं मिल पा रहीं तथा नए एस्टीमेट भी तैयार नहीं हो रहे। जबकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल पर तकनीकी अपडेटेशन, डेटाबेस मेंटेनेंस और साइबर सुरक्षा को मजबूत करने का कार्य चल रहा है। इसी कारण पोर्टल अस्थायी रूप से बंद है। हालांकि लंबे समय से सेवा बाधित रहने के कारण विकास योजनाओं का कैलेंडर प्रभावित हो रहा है। नई परियोजनाओं की मंजूरी नहीं मिलने से आगामी कार्यों की शुरुआत भी टलती जा रही है।

### निर्माण सामग्री का खर्च निकालना भी मुश्किल

ठेकेदारों का कहना है कि समय पर भुगतान नहीं होने से मजदूरी, मशीनरी और निर्माण सामग्री का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। दूसरी ओर अधिकारी भी पोर्टल शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि बिना ऑनलाइन प्रक्रिया के न तो नई फाइलें आगे बढ़ सकती हैं और न ही लंबित मामलों का निपटारा संभव है। यदि पोर्टल जल्द बहाल नहीं हुआ तो प्रदेशभर में विकास कार्यों की रफ्तार और प्रभावित हो सकती है। तब तक करोड़ों रुपये की परियोजनाएं डिजिटल बाधा के कारण फाइलों में ही अटकी रहेंगी।

**गलत ऑपरेशन विवाद सुलझा**

# फीस लौटाएगा अस्पताल और इलाज भी होगा मुफ्त

- दिनभर हंगामा और धरना देर रात कई दौर की वार्ता के बाद बनी सहमति

**रोहतक।** प्राइवेट अस्पताल में कथित गलत ऑपरेशन को लेकर भड़का विवाद आखिरकार देर रात बातचीत की मेज पर सुलझ गया। दिनभर चले हंगामे, धरने और आरोप-प्रत्यारोप के बाद अस्पताल प्रशासन, मरीज के परिजन और बिजली विभाग कर्मचारी यूनियन के बीच कई दौर की वार्ता हुई। अंततः इस बात पर सहमति बनी कि अस्पताल मरीज के इलाज पर लिया गया शुल्क वापस करेगा और आगे का पूरा इलाज निःशुल्क करेगा। समझौते के बाद यूनियन ने धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी। बता दें कि सनसिटी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती बिजली निगम के कर्मचारी संदीप के कथित गलत ऑपरेशन को लेकर सोमवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया था। अस्पताल के बाहर परिजनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके समर्थन में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी भी धरने पर बैठ गए थे।

### जानें...क्या था मामला

बिजली विभाग का कर्मचारी संदीप 11 जुलाई को पोल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दाएं कूल्हे, पसलियों और लीवर में चोट आने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि 18 जुलाई को डॉक्टरों ने दाएं कूल्हे की जगह गलती से बाएं कूल्हे का ऑपरेशन कर दिया। इससे नाराज परिजनों और कर्मचारी यूनियन ने विरोध प्रदर्शन किया। बाद में समझौते के तहत अस्पताल ने इलाज का खर्च लौटाने और आगे का उपचार निःशुल्क करने पर सहमति जताई।

## मजदूर के नाम पर 50 लाख का लिया लोन, दो पर केस

**रोहतक।** सरकारी योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर एक मजदूर के नाम पर करीब 50 लाख रुपये का लोन लेने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने मॉडल टाउन निवासी पंकज ठकराल और नीरज सचदेवा पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम कॉलोनी निवासी वीरेंद्र पुत्र रामधारी ने बताया कि वह मजदूरी करता है और अजा से संबंध रखता है। फरवरी 2024 में नीरज सचदेवा ने उसकी मुलाकात पंकज ठकराल से कराई। पंकज ने सरकारी योजना के तहत लोन और हर माह 10 हजार रुपये की सहायता दिलाने का भरोसा दे आधार, पैन, फोटो और अन्य दस्तावेज ले लिए। इसके बाद जून 2024 में उसे कई बार यूनियन बैंक और अन्य स्थानों पर ले जाकर विभिन्न कागजातों पर हस्ताक्षर कराए गए। करीब पांच माह पहले यूनियन बैंक के अधिकारी उसके घर पहुंचे और बताया कि उसके नाम पर श्रीविनायक ट्रेडर्स नाम से फर्म बनाकर 50 लाख रुपये का लोन लिया गया है, जो ब्याज सहित 52 लाख रुपये से अधिक हो चुका है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने षड्यंत्र के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसके नाम पर फर्म बनवाई, बैंक से लोन उठाया और पूरी राशि हड़प ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**हेल्थ अलर्ट** कैंसर का अर्थ अंत नहीं, समय पर पहचान से बच सकती है जान: डॉ. एचके अग्रवाल

# हड्डी में सूजन या लगातार दर्द हो सकता है कैंसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

यदि हड्डी में सूजन हो, शरीर में कहीं भी कोई गांठ दिखाई दे या हड्डी में लगातार दर्द बना रहे तो उसे नजरअंदाज न करें क्योंकि यह कैंसर हो सकता है। तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच कराएं। समय पर पहचान व उचित इलाज से अधिकांश रोगी पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। समाज में यह संदेश पहुंचना चाहिए कि डरने के बजाय जांच जरूरी है। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल का। वे मंगलवार को हड्डी रोग विभाग की ओर से आयोजित सरकोमा एवं हड्डी के कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. रूप सिंह के नेतृत्व में किया गया। स्वागत डॉ. आशीष देवगन ने किया जबकि मंच संचालन डॉ. उमेश यादव ने किया। कुलसचिव और हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रूप सिंह ने कहा कि सरकोमा एक दुर्लभ प्रकार का कैंसर है। यह सभी वयस्कों में होने वाले कैंसर का लगभग एक प्रतिशत और बच्चों में होने वाले ठोस कैंसर का 15 से 20 प्रतिशत होता है। इसके सौ से अधिक प्रकार हैं, इसलिए विशेषज्ञ केंद्र में ही उपचार होना चाहिए।



### 6 हफ्ते तक रहने वाली सूजन को गंभीरता से लें

डॉ. रूपसिंह ने बताया कि पीजीआई का हड्डी रोग विभाग प्रदेश के प्रमुख हड्डी एवं कोमल ऊतक ट्यूमर उपचार केंद्रों में से एक है। यहां हाथ-पैरों की हड्डियों और सोफ्ट टिश्यू के ट्यूमर की हर प्रकार की सर्जरी की जाती है और वह भी पूरी तरह निशुल्क। डॉ. रूप सिंह ने बताया कि विभाग में हर महीने लगभग 15 से 20 छोटे-बड़े हड्डी और कोमल ऊतक के ट्यूमर के सफल ऑपरेशन किए जाते हैं। यह बड़े चैकानें वाले आंकडे हैं कि बच्चों में यह रोग 10 से 20 वर्ष की आयु में और बड़ों में 50 से 60 वर्ष की आयु में अधिक देखा जाता है। सबसे अधिक मामले हाथ और पैर की हड्डियों में आते हैं। डॉ. आशीष देवगन ने बताया कि शरीर में कोई गांठ या सूजन धीरे-धीरे बढ़ रही हो, पांच सेंटीमीटर से बड़ी सूजन हो, मामूली चोट के बाद भी दर्द और सूजन बनी रहे या बिना बड़ी चोट के हड्डी टूट जाए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। चार से छह सप्ताह से अधिक समय तक रहने वाली सूजन या दर्द को बिल्कुल नजरअंदाज न करें।

### आधुनिक तकनीक से हो रहा उपचार

डॉ. उमेश यादव ने बताया कि हड्डी और कोमल ऊतक ट्यूमर के रोगियों की विशेष जांच हड्डी रोग ओपीडी के कमरा संख्या 30 में प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को की जाती है। विभाग में अंग को बचाने वाली सर्जरी, धातु प्रत्यारोपण, जैविक पुनर्निर्माण और शरीर से बाहर निकालकर हड्डी पर विकिरण देकर वापस लगाने जैसी अत्याधुनिक विधियों का उपयोग किया जा रहा है। धातु प्रत्यारोपण सर्जरी में कैंसर वाली हड्डी को निकालकर उसकी जगह विशेष धातु का जोड़ लगाया जाता है। निजी अस्पतालों में जिस पर 10 से 15 लाख रुपये खर्च आते हैं, वही सुविधा आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र रोगियों को पीजीआईएमएस में निशुल्क दी जा रही है।
कार्यक्रम में सरकोमा से ठीक हुए रोगियों को सम्मानित किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था आप अकेले नहीं हैं। डेंटल कालेज की प्राचार्य डॉ. मनु राठी, स्पोर्ट्स इंजरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश रोहिल्ला, जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. मंजूनाथ बीसी, डॉ. संजय मरवाह, डॉ. अलका, डॉ. सुनील, डॉ. डिंपल, डॉ. सुमन,सहित दर्जनों विद्यार्थी और सैकड़ों आमजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चे सहित महिला गायब

**सांपला।** कस्बे के शिव बिहार में रहने वाली एक महिला तीन साल के बच्चे को लेकर घर से गायब हो गई। पुलिस ने महिला के पति मुकेश के बयान पर गुमशुदा की शिकायत दर्ज कर ली है। उसने बताया कि उसकी पत्नी जयमाला तीन साल के बच्चे को साथ लेकर बिना बताए कहीं चली गई।

### दिग्विजय चौटाला का महम दौरा आज

**महम।** जननायक जनता पार्टी नेता दिग्विजय चौटाला बुधवार 22 जुलाई को महम हलके के कई गांवों का दौरा करेंगे। सुबह साढ़े दस बजे वे महम पहुंचेंगे। उसके बाद वे भैणीचंद्रपाल, सैमाण, फरमाणा, निंदाना, बैंसी, भराण, अजायब, गिरावड़ व बहु अकबरपुर गांव में दौरा करेंगे। वे अभियान के तहत इन गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे।

### होनहारों के सम्मान से महका चुलियाना स्कूल

**सांपला।** प्रतिभा को प्रोत्साहन देने और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से गांव चुलियाना स्थित शहीद रामफल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ग्राम पंचायत राज की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रमोद काला ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या पूनम ने की। समारोह में पहली से दसवीं कक्षा तक अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एमडीयू और सुपवा के विद्यार्थियों ने लगाए नारे

## जिले में कई जगह प्रदर्शन, छात्र और किसान सड़कों पर उतरे

# पेपर लीक और अमेरिका से ट्रेड डील के विरोध में मार्च, किसान नेता रणधीर नजरबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पेपर लीक और जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में छात्र और अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को किसानों ने प्रदर्शन किया। दिल्ली के किसान घाट पर आयोजित किसान महापंचायत में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस ने गांव धामड़ निवासी किसान नेता एवं प्रधान रणधीर सिंह को उनके घर पर ही नजरबंद रखा। रणधीर सिंह का आरोप है कि पुलिस सुबह करीब 9 बजे उनके घर पहुंच गई थी और शाम 6 बजे तक उन्हें बाहर नहीं निकलने दिया गया। करीब नौ घंटे तक पुलिस की मौजूदगी में वह घर में ही रहे। सिंह ने बताया कि किसान संगठन अमेरिका और अन्य देशों के साथ किए जा रहे कृषि संबंधी समझौतों के विरोध में दिल्ली किसान घाट पर महापंचायत कर रहे थे। किसान संगठनों का कहना है कि ये समझौते किसानों और मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं। इसी को लेकर किसान नेता दिल्ली पहुंचकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाना चाहते थे। रणधीर सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की आवाज दबाने के लिए पुलिस कार्रवाई का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों की मांग है कि सरकार कृषि से जुड़े ऐसे समझौतों पर आगे बढ़ने से पहले किसानों से बातचीत करे और उनके हितों को प्राथमिकता दे। किसान नेता ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई की भी निंदा की।

**पुलिस ने दिल्ली जाते वक्त किसान नेता राजू मकड़ौली और कई किसानों को दिल्ली कूच से रोका**

### सुपवा के छात्रों ने भी किया प्रदर्शन

**रोहतक।** दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय के छात्रों ने मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर से डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने कहा कि वे देशभर में सामने आए पेपर लीक मामलों, युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों, लोकतांत्रिक अधिकारों के संरक्षण तथा शांतिपूर्ण आंदोलनों पर कथित बल प्रयोग के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की भी निंदा की और कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पेपर लीक की घटनाओं को शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए आरोप लगाया कि इससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई, पेपर लीक से प्रभावित छात्रों के परिवारों को आर्थिक सहायता, दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई।



### जेजेपी जिला युवा प्रकोष्ठ और इनसो ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**रोहतक।** जेजेपी युवा प्रकोष्ठ एवं इनसो के पदाधिकारियों ने युवा जिला प्रधान अभिषेक देशवाल इनसो (एमडीयू) प्रधान विशेष अहलावत के नेतृत्व में मंगलवार को उपायुक्त सचिन गुप्ता को दिल्ली में कल जंतर मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। युवा जिला प्रधान रोहतक अभिषेक देशवाल ने कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने का अधिकार देता है। छात्रों और युवाओं पर इस प्रकार का बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरित है तथा इसकी जेजेपी युवा इकाई जिला रोहतक कड़े शब्दों में निन्दा करते हैं। अभिषेक देशवाल, विशेष अहलावत, विक्की सरपंच, प्रतीक मलिक, अनुराग, रोहन, अरमान, साहिल, संदीप आदि अनेक युवा प्रकोष्ठ एवं इनसो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दिल्ली में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ किसान सभा ने जताया रोष

**रोहतक।** किसान सभा हरियाणा ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-युवाओं पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का कड़ा विरोध किया है। संगठन ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए बुधवार को प्रदेशभर में दमन विरोधी दिवस मनाने की घोषणा की है। साथ ही मुक्त व्यापार समझौतों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों और किसान नेताओं की गिरफ्तारियों की भी निंदा की है। राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह और राज्य महासचिव सुमित दलाल ने संयुक्त बयान में कहा कि छात्र प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं के लिए जवाबदेही तय करने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को समाप्त करने जैसी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। उनका कहना है कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सरकार ने संवाद के बजाय पुलिस बल का प्रयोग किया। किसान सभा के अनुसार, पुलिस कार्रवाई में बड़ी संख्या में छात्र घायल हुए हैं, जिनमें हरियाणा के कुछ छात्र भी शामिल बताए गए हैं। संगठन ने पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने की मांग की है।



### एमडीयू में एसएफआई ने दिल्ली पुलिस के लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के लाइब्रेरी लॉन स्थित स्वामी विवेकानंद प्रतिमा के समक्ष स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और एएसएपी द्वारा विरोध सभा आयोजित की गई। यह प्रदर्शन दिल्ली में नीट पेपर लीक, शिक्षा में भ्रष्टाचार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज, आंसू गैस व वाटर कैनन के प्रयोग के खिलाफ हुआ।सभा को संबोधित करते हुए एसएफआई जिला सचिव अमित पिलाना और एएसएपी जिला प्रधान नितिन दांगी ने केंद्र सरकार की दमनकारी नीति की कड़े शब्दों में निंदा की।

### लोकतंत्र की मर्यादा छोड़कर टकराव की राजनीति कर रहे हैं राहुल : शमशेर

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने संसद परिसर में हुए घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके सहयोगियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रदर्शन के दौरान पुलिस अपनी वैधानिक जिम्मेदारी निभाती है, तो उसे राजनीतिक रंग देना उचित नहीं है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना सुरक्षा एजेंसियों का संवैधानिक दायित्व है। शमशेर सिंह खरक ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना हर राजनीतिक दल का अधिकार है, लेकिन विरोध और अव्यवस्था में स्पष्ट अंतर होता है। संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है, जहां मुद्दों का समाधान बहस, तर्क और तथ्यों के आधार पर होना चाहिए, न कि लगातार हंगामे और टकराव की राजनीति के माध्यम से। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति आज सकारात्मक विकल्प प्रस्तुत करने के बजाय टकराव और भ्रम फैलाने तक सीमित दिखाई देती है। यदि सरकार किसी विषय पर चर्चा के लिए तैयार है, तो विपक्ष को भी लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए संवाद में भाग लेना चाहिए।






### छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** पुलिस द्वारा जिले को नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गांव मुंगाण में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव और यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस ने लोगों से /"जिंदगी को हां, नशे को ना/" अभियान से जुड़ने और नशा गतिविधियों की सूचना हेल्पलाइन 1933 पर देने की अपील की। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एसपी गौरव राजपुरोहित के निर्देशन में नशा मुक्त भारत–सुरक्षित भारत अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

# पीडब्ल्यूडी की अनदेखी लोगों पर भारी, बारिश के मौसम में गड्ढों से भरी सड़क से गुजरना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

कस्बे के खरखोदा मार्ग पर मंडी मोड़ से रेलवे ब्रिज तक की सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण यह मार्ग वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया सवारों के लिए परेशानी और दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की अनदेखी के चलते सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है, जबकि सरकार द्वारा बारिश से पहले सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा किया गया था। यह मार्ग सांपला को आसपास के गांवों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं।



#### बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

लोगों ने सरकार व पीडब्ल्यूडी विभाग से जल्द से जल्द सड़क की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है। समय रहते सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ सकती है तथा आम लोगों को आवागमन में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। बस स्टैंड से लेकर नयाबास गांव तक सड़क पर सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। बरसात के दौरान इनमें पानी भर जाने से गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, दुर्घटनाओएं बढ़ रही हैं।

#### स्थायी समाधान नहीं



सड़क करीब एक वर्ष से जर्जर है। कई बार संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर दिलाया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हुआ।
-**कविराज**, मंडी निवासी

#### हाल बेहाल



विभाग समय-समय पर गड्ढों में केवल पत्थर डालकर औपचारिक मरम्मत कर देता है। यह सामग्री कुछ ही दिनों में उखड़ जाती है। बारिश में गड्ढों का आकार व संख्या दोनों बढ़ जाती है।
-**अनिल कुमार**

#### गुणवत्ता पर सवाल



कई स्थानों पर रोड़ी और तारकोल डालकर मरम्मत की जाती है, लेकिन यह पैच दो-तीन दिन के भीतर ही उखड़ जाते हैं। इससे विभागीय कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। - **सुनील**

### पर्यावरण पृथ्वी के जैविक विकास का करता है निर्माण

**रोहतक।** राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार रोड पर स्थित वन विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छ हरियाणा हरित हरियाणा मुहिम चलाई गई। इस दौरान स्कूल में चित्रकला व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के लगभग 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. सुनीता अहलावत, रेंज ऑफिसर सुभाष चंद्र कालरा व वक्ता जसबीर धनखड़ ने बताया कि पर्यावरण पृथ्वी के जैविक विकास और इसके संवर्धन के लिए सही दिशा का निर्माण करता है। नवीन औद्योगिकरण के नाम पर अंधाधुंध काटे गए वनों के कारण ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन परत में छेद जैसी समस्याओं का प्रकोप बढ़ गया है। वनों के विनाश को रोकने के लिए स्वच्छ हरियाणा हरित हरियाणा मुहिम चलाई गई जिसका लक्ष्य पर्यावरण को संरक्षण देना है।

## न्यूज डायरी

### एचडी स्कूल के पूर्व छात्र रितु, विनीत और आशीष ने नीट यूजी परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन






**महम।** खेड़ी महम स्थित एच डी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है। सफल विद्यार्थियों में विनीत नहरा पुत्र अजय पाल सिंह नहरा ने 720 में से 656 अंक प्राप्त किए हैं। रितु पुत्री कर्मवीर ने 610 अंक, आशीष शर्मा पुत्र धर्मवीर ने 580 अंक, हिमांशी पुत्री विनोद कुमार ने 546 अंकऔर जतिन अहलावत पुत्र दलसेर अहलावत ने 540 अंक लेकर नीट की परीक्षा पास की है। स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा ने बताया कि ये विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन से अब डॉक्टर बनेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या शालिनी गुप्ता, निदेशक कुलवंत नहरा व स्कूल सचिव संजीव छिल्लर ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।



### सर्व कर्मचारी संघ ने महम फायर ब्रिगेड कार्यालय में की बैठक मांगों को लेकर की चर्चा

**महम।** सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक महम की एक महत्वपूर्ण बैठक महम फायर ब्रिगेड कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान राजेंद्र सिंह डाबला ने की। बैठक में सफाई कर्मचारियों और फायर कर्मियों की लंबित मांगों, सरकार की वादाखिलाफी तथा विभागों के निजीकरण की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ समझौते करने के बाद भी उन्हें लागू न करके सरासर वादाखिलाफी कर रही है। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कर्मबीर सिवाच, जिला कैशियर जोगिंदर दलाल, मंजीत पांचाल व जिला प्रधान राकेश लाकड़ा, प्रदीप बेरवाल, ब्लॉक कैशियर बिजेंद्र गोयत, प्रेस सचिव विजयपाल, नगरपालिका प्रधान संजय कागड़ा, बबीता, फायर प्रधान शीलू, सोमबीर, मंजीत नेहरा और नीरज आदि रहे।



### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 1767 किसानों में से 812 का ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से चयन

**रोहतक।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत किसानों को अनुदान पर दिए जाने वाले कृषि यंत्रों के लिए मंगलवार को लघु सचिवालय में ऑनलाइन ड्रा प्रक्रिया पूरी की गई। योजना के तहत जिले के 1767 किसानों ने कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन किया था।विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सामान्य वर्ग में कुल 1752 किसानों ने कृषि यंत्रों के लिए आवेदन किया था। इनमें रोटावेटर के लिए 960 और लेजर लैंड लेवलर मशीन के लिए 680 किसानों ने प्राथमिकता के आधार पर आवेदन किया था। विभाग की ओर से रोटावेटर के लिए 470 और लेजर लैंड लेवलर के लिए 342 मशीनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया गया है। कुल लक्ष्यों के 25 प्रतिशत किसानों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की गई है।




### सही राम स्कूल के विद्यार्थियों ने शहीदों के परिवारों को भेजे सम्मान संदेश

**महम।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सही राम स्कूल के विद्यार्थियों ने देश के वीर शहीद सैनिकों के परिवारों के प्रति अपनी श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामना संदेश पत्र भेजे।इस विशेष पहल के अंतर्गत छात्रों ने अपने हाथों से भावनात्मक एवं प्रेरणादायक संदेश लिखकर शहीदों के परिवारों के प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्यार्थियों ने अपने संदेशों में शहीदों के अद्वितीय साहस, देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनके परिवारों का हौसला बढ़ाने का प्रयास किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति तथा सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉक्टर प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों का बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी में राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति के संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर युवाओं को जागरूक करें: शर्मा



**रोहतक।** आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्रों के अवसर पर प्राचीन श्री शीतला माता मंदिर, माता दरवाजा में भंडारे के साथ पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पौधारोपण, पौधा वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एक नई शुरुआत संस्था एवं जन कल्याण पौधारोपण धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम महंत थानेश्वर दास उदासीन, योगाचार्य हरिऔम कौशिक एवं स्वामी गोबिंद करतार के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कुश्ती संघ की प्रोटोकॉल कमेटी के चेयरमैन देवेन्द्र शर्मा तथा अतिविशिष्ट अतिथि पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल की पूर्व सह-चयनित सदस्य एवं अधिवक्ता दिलजिंदर कौर रहीं। कार्यक्रम का संयोजन जे.पी. गौड़ ने किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रीनमैन एवं ट्रस्ट चेयरमैन शिव कुमार तथा महामंत्री राजबीर दहिया उपस्थित रहे।इस अवसर पर महंत थानेश्वर दास, आत्मारामा उदासीन, पुजारिन कृष्णा, पूर्णानंद, इंश्योरेंस मैनेजर सरोज शर्मा, रूबी जांगड़ा, संजय मलिक, प्रमोद दांगी,, उषा शर्मा, साहिल शर्मा, राहुल उदासीन मौजूद रहे।

# निपुण रीडिंग क्लब का शुभारंभ, छात्रों के अधिगम परिणामों पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई की मासिक समीक्षा बैठक जेपी इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार झिरवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, डीईईओ बिजेन्द्र हुड्डा, डाइट मदीना प्राचार्या ऋतु पंघाल और डीपीसी सुमन हुड्डा सहित जिले के प्रमुख शिक्षा अधिकारियों, मेंटर्स व क्लस्टर हेड ने भाग लिया।

बैठक के दौरान एडीसी नरेंद्र कुमार झिरवाल ने जिले की अभिनव पहल 'निपुण रीडिंग क्लब' का औपचारिक शुभारंभ किया। इस पहल के तहत रोहतक के सभी प्राथमिक विद्यालयों में प्रतिदिन 15 मिनट का पुस्तकालय पठन काल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम विद्यार्थियों में समझ के साथ पढ़ने की क्षमता विकसित करने मददगार साबित होगा। बैठक का संचालन जिला एफएलएन समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने अधिकारियों को ' गुड टू एक्सीलेंट की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया, जबकि डीपीसी सुमन हुड्डा ने विद्यालयों को आवश्यकतानुसार पुस्तकालय पुस्तकें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## 2 लाख 2 हजार 391 वोटों में से 1 लाख 73 हजार 769 का हो चुका है डिजिटलाइजेशन

# एसआईआर कार्य में घट सकते हैं 28 हजार से अधिक वोट

**विस महम के 14 प्रतिशत वोट कम होने का अंदेशा 9 हजार 946 मतदाताओं की हो चुकी है मृत्यु**

राजकुमार नरवाल ▶▶| महम



मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण का कार्य अंतिम दौर में है। इस काम के लिए चुनाव आयोग ने अंतिम तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है। इस तिथि मतदाता अपना गणना प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। महम विधानसभा क्षेत्र के एसआईआर कार्य के लिए महम के लघुसचिवालय में सेंटर बनाया गया है। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एचसीएस अधिकारी विपिन कुमार की अगुवाई में इस कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एसआईआर कार्य में लगी टीमें पूरी ईमानदारी, निष्ठा व लग्न से काम कर रही हैं। अब तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक महम विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य का 85.84 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन हो चुका है। ऐसे मतदाताओं से संपर्क के लिए प्रत्येक बूथ पर एक चार सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई है।

#### 12 हजार 426 वोट दूसरी जगह शिफ्ट

9 हजार 946 मतदाता ऐसे मिले हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। जिनको अब सूची से हटा दिया गया है। 12 हजार 426 वोट दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं। 1438 मतदाता ऐसे मिले हैं, जिनके दो जगह वोट बने हुए थे। 4 हजार 296 वोट अनट्रेश पाए गए हैं, इनसे बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाया। 516 मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने गणना प्रपत्र ले लिया लेकिन उन्होंने वापस नहीं लौटाया। एसडीएम कार्यालय में एसआईआर कार्य के डाटा संग्रहण केंद्र के अधिकारी राजेश मलिक और सुखबीर सिंह ने बताया कि एसडीएम विपिन कुमार के नेतृत्व में मतदाता सूचियों के गहन निरीक्षण का कार्य काफी बारीकी से किया जा रहा है।

#### 28 हजार 622 वोट कटने का अंदेशा

हलके में 217 बूथ हैं और कुल 2 लाख 2 हजार 391 मतदाता हैं। इनमें से 1 लाख 73 हजार 769 वोटों का डिजिटलाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है। 28 हजार 622 वोट ऐसे हैं, जिनके कटने का अंदेशा बना हुआ है। यह यह आंकड़ा हलके के कुल वोटों का 14 प्रतिशत हिस्सा बनता है। यानि 14 प्रतिशत वोट सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान कम हो जाएंगे। जिन मतदाताओं का मतदाता सूची में डिजिटलाइजेशन नहीं हो सका है। उनकी गहनता से छानबीन की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

# योगा, कुश्ती, बटर फ्लाई और कबड्डी में होनहारों ने दिखाया दम

## खबर संक्षेप



### नेकीराम कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित चार सप्ताह की कौशल आधारित इंटर्नशिप 'वर्मी कम्पोस्ट एवं जैविक अपशिष्ट प्रबंधन' के 17वें दिन विद्यार्थियों को सुनारिया गांव स्थित वर्मी कंपोस्ट इकाई का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह इंटर्नशिप प्राचार्य प्रो. सुरेन्द्र सांगवान के संरक्षण तथा विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता बिरवाल के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पिंकी देसवाल, सह-समन्वयक डॉ. दीक्षा रंगा और डॉ. हरिओम के नेतृत्व में करीब 20 विद्यार्थियों ने भ्रमण में भाग लिया। विद्यार्थियों ने पूर्व प्रयोगशाला तकनीशियन प्रीतम (65) की वर्मी कंपोस्ट इकाई का अवलोकन किया, जहां उन्होंने जैविक कचरे से गुणवत्तापूर्ण खाद तैयार करने की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों ने उठाई कूची

**रोहतक।** हिसार रोड स्थित राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वन विभाग द्वारा 'स्वच्छ हरियाणा, हरित हरियाणा' अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 130 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता और रचनात्मकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. सुनीता अहलावत, रेंज ऑफिसर सुभाष चंद्र कालरा तथा वक्ता जसबीर धनखड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' के साहित्य पर होगा शोध

**रोहतक।** हिंदी साहित्य के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि प्रतिष्ठित साहित्यकार और समाजसेवी डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' के साहित्यिक योगदान को अब शोध के माध्यम से अकादमिक विमर्श का विषय बनाया जाएगा। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर के हिंदी विभाग की डॉक्टोरल रिसर्च कमेटी (डीआरसी) ने उनके साहित्य पर पीएच.डी. शोध के लिए विषय को स्वीकृति प्रदान कर दी है। विवि के आदेशानुसार शोधार्थी प्रीति (पुत्री श्री सुरेंद्र) डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' के साहित्य में चित्रित विसंगतियां विषय पर शोध करेंगी। यह शोध कार्य हिंदी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुमन के निर्देशन में संपन्न होगा।

## खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता

### 50, 100 व 200 मीटर बटरफ्लाई स्विमिंग में अदिशा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। प्रतियोगिता जिले के अलग-अलग मैदानों पर करवाई जा रही है। बारिश के कारण क्रिकेट के मैच नहीं हो सके और कुछ खेलों का मैदान बदले गए। यह प्रतियोगिता 23 जुलाई तक होगी और सांपला ब्लॉक में 25 तक होगी। 50, 100 व 200 मीटर बटरफ्लाई स्विमिंग में मॉडल स्कूल की अदिशा अहलावत ने बाजी मारी।

**स्विमिंग** (अंडर-17 बालिका वर्ग): 50, 100 व 200 मीटर बटरफ्लाई स्विमिंग में मॉडल स्कूल की अदिशा अहलावत ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं 50 मीटर फ्रीस्टाइल में डीएवी सेंटनरी पब्लिक स्कूल की दुंगलमल, 100 मीटर फ्रीस्टाइल में लावन्या तथा 50 मीटर ब्रेस्ट स्विमिंग में आरपीएस स्कूल की वियान विजेता रहीं।

**जूडो** (अंडर-19 बालिका वर्ग): जूडो के 36 किलो भार वर्ग में राजकीय विद्यालय धामड़ की देवी, 44 किलो में स्कॉलर रोजरी की इराइवी, 48 किलो में राजकीय कन्या मॉडल स्कूल मकड़ौली कलां की कीर्ति, 52 किलो में राजकीय कन्या मॉडल स्कूल मकड़ौली की महक तथा 63 किलो भार वर्ग में इंडस स्कूल की मिया ने पहला स्थान प्राप्त किया।

**बास्केटबॉल** (बालिका वर्ग): अंडर-14 बालिका वर्ग में विकल्प पब्लिक स्कूल ने प्रथम, राजकीय कन्या वमावि मॉडल टाउन ने द्वितीय व द श्री राम यूनिवर्सल स्कूल ने तृतीय स्थान पाया। अंडर-17 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन प्रथम, विकल्प पब्लिक स्कूल द्वितीय व स्टार ग्लोबल स्कूल तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन ने बाजी मारी, जबकि आरपीएस द्वितीय व द श्री राम यूनिवर्सल स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

## कुश्ती मुकाबले में पक्षपात के आरोप, कोच व खिलाड़ी ने दर्ज कराया विरोध





### ट्रेडिशनल योग स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में अवनि प्रथम व अलीना द्वितीय रही

ट्रेडिशनल योग स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में अवनि ने पहला और अलीना ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 वर्ग में शिखा प्रथम तथा निशा द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि अंडर-19 वर्ग में शिखा ने पहला और काजल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।आर्टिस्टिक सिंगल स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में अवनि पहले और काजल दूसरे स्थान पर रहीं। अंडर-17 वर्ग में शिखा ने प्रथम तथा काजल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में प्रीति ने पहला और काजल ने दूसरा स्थान पाया। आर्टिस्टिक पेयर में अंडर-14 वर्ग के तहत श्रुति बलहारा और सोनाक्षी की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-17 वर्ग में शिखा व निशा की जोड़ी और अंडर-19 वर्ग में प्रीति व काजल की जोड़ी ने पहला स्थान कब्जाया।रिदमिक पेयर स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में अवनि और अलीना की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में शिखा व मनीषा की जोड़ी और अंडर-19 वर्ग में प्रीति व काजल की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल कर बाजी मारी।

### 35 किलो में रिठाल के सरकारी स्कूल के शिवि प्रथम और बोहर के अंशु द्वितीय

**कुश्ती (अंडर-14 बालक वर्ग):** कुश्ती प्रतियोगिता में 35 किलो भार वर्ग में राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि रिठाल के शिवि प्रथम व राजकीय उच्च विद्यालय बोहर के अंश द्वितीय रहे। 38 किलो में एमएसई के समर्थ प्रथम व राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि सांघी के रोनक द्वितीय रहे। 41 किलो में राजकीय विद्यालय रिठाल के जतिन प्रथम व एमडी पब्लिक स्कूल सांघी के उमंग द्वितीय स्थान पर रहे। 44 किलो में राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि सांघी के प्रिंस प्रथम व नव युग शिक्षा निकेतन मकड़ौली के अंश द्वितीय रहे। 48 किलो में श्री ज्योति प्रकाश सीनियर सेकेंडरी स्कूल जसिया के शुभम प्रथम व राजकीय विद्यालय रैनकपुरा के हिमांशु द्वितीय रहे। वहीं 52 किलो भार वर्ग में विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के रूपेश नांदल ने पहला व जेड ग्लोबल स्कूल के रियान कटारिया ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### कबड्डी में एसडीएम स्कूल किलोई द्वितीय रहा

**कबड्डी** (विभिन्न वर्ग): अंडर-14 बालक वर्ग में राजकीय वमावि मकड़ौली प्रथम, राजकीय वमावि सिंघपुरा द्वितीय व गुरुकुल लाढ़ौती तीसरे स्थान पर रही। अंडर-14 बालिका वर्ग में राजकीय मिडिल स्कूल मकड़ौली प्रथम, एसडीएम किलोई द्वितीय व राजकीय वमावि रिटौली तीसरे स्थान पर रही। अंडर-17 बालिका वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिटौली प्रथम, खिड़वाली द्वितीय व सांघी की टीम तीसरे स्थान पर रही। अंडर-19 बालिका वर्ग में एसडीएम किलोई की टीम प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिटौली द्वितीय व डीसेंट स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही।

**अंडर-14 कुश्ती मुकाबले में पक्षपात के आरोप :** नव युग शिक्षा निकेतन मकड़ौली कलां के खिलाड़ी और कोच ने मैच जजों पर गलत फैसला देने का आरोप लगाते हुए अपना विरोध जताया है। अंडर-14 वर्ग के कुश्ती मैच से जुड़ा है। नव युग शिक्षा निकेतन के खिलाड़ी अंश ने बताया कि मैच के दौरान उसने अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी (सांघी राजकीय विद्यालय) को नीचे गिराया और प्रतिद्वंद्वी के घुटने जमीन से टिक गए थे। नियमानुसार इस स्थिति में उसे 2 अंक मिलने चाहिए थे, लेकिन जजों ने उसे अंक देने से मना कर दिया। अंश के कोच विकास ने आरोप लगाया कि प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के पक्ष में फैसला इसलिए सुनाया गया क्योंकि कुश्ती के दौरान मौजूद जजों में से एक जज प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के ही गांव का था। कोच विकास का कहना है कि स्पष्ट 2 अंक होने के बावजूद उनके खिलाड़ी के हक में फैसला नहीं दिया गया और उसके साथ पक्षपात किया गया है। निर्णायक मंडल (जज) के इस रवैये से नाराज होकर खिलाड़ी और कोच ने विरोध (प्रोटेस्ट) दर्ज कराया।



### कुश्ती: 71 किलो में मयंक और 80 में देव कुमार ने बाजी मारी

**सांपला।** मंगलवार को स्कूली ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन कुश्ती और योगा की प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में बाल खिलाड़ियों ने खूब दाव पेंच दिखाए। जिनमें अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग शामिल हैं। अंडर 14 में 35 किलो भार में लव दूहन प्रथम 38 में नील प्रथम 41 में शिधांनत और 44 में नरवेश विजेता रहा। अंडर-17आयु वर्ग में 48 किलोग्राम भार वर्ग में अनूज ने प्रथम 51 किलोग्राम भार वर्ग में मयंक प्रथम स्थान तथा 55 किलोग्राम भार वर्ग में यश प्रथम व 60 किलो भार में भविष्य विजेता रहा। जबकि 65 किलोग्राम भार वर्ग में गौरव प्रथम 71 किलोभार में मयंक और 80 किलोभार में देव कुमार ने बाजी मारी। जबकि योगा अंडर 19में अरमान प्रथम दिपांशु दूसरे और यश तीसरे स्थान पर रहा। अंडर 14 में करिशना प्रथम प्रिंस दूसरे और हनीष तीसरे स्थान पर रहा। अंडर 17 में गौरव प्रथम अक्षय दूसरे और अंतिम तीसरे स्थान पर रहा। खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने पीटीआई को डीपी ने निर्देश दिए कि वह खेलों में पारदर्शिता बनाए रखें।

स्कूली ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

योग अंडर 19 में अरमान प्रथम दिपांशु दूसरे और यश तीसरे स्थान पर रहे

### जांच होगी

खिलाड़ी की तरफ से प्रोटेस्ट प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जाएगी।

**अमरपाल,** कुश्ती खेल इंचार्ज

# क्रिकेट : रोहतक ने चरखी दादरी को हराया

*चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड सी) लाहली में चल रही प्रतियोगिता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के मंगलवार को अलग-अलग मैदानों पर मैच खेले गए। चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड सी) लाहली में खेले गए मैच में रोहतक की टीम ने चरखी दादरी को वीजेडी नियम के तहत 150 रनों से करारी शिकस्त दी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहतक की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 249 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। रोहतक की ओर से आशीष सिवाच ने महज 70 गेंदों में नाबाद 128 रन की शतकीय पारी खेली। वहीं प्रथम सिंधवानी ने 72 गेंदों में 53 रन का योगदान दिया, जबकि सर्वेश रोहिल्ला ने 14 गेंदों पर ताबड़तोड़ नाबाद 36 रन बनाए। चरखी दादरी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनुराग मलिक ने 2 विकेट लिए, जबकि राकेश कुमार मिश्रा और मंथन सांगवान को 1-1 सफलता मिली।



आशीष सिवाच ने 70 गेंदों में 128 रन बनाए



आदर्श मलिक ने तीन विकट झटके

### 132 रनों पर सिमटी चरखी दादरी

250 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चरखी दादरी की पूरी टीम 28.3 ओवरों में मात्र 132 रनों पर ढेर हो गई। चरखी दादरी की तरफ से दीपक जोगी ने सबसे ज्यादा 47 रन (34 गेंद) बनाए। रोहतक के गेंदबाजों के आगे विरोधी बल्लेबाज टिक नहीं सके। रोहतक की तरफ से आदर्श मलिक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, वहीं तन्मय और मयंक झांगू ने 2-2 विकेट हासिल किए।

### सिरसा ने फतेहाबाद को 84 रन से दी शिकस्त

लाहली स्थित चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड-बी) में खेले गए मुकाबले में सिरसा ने फतेहाबाद को वीजेडी नियम के तहत 84 रनों से करारी शिकस्त दी। सिरसा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 27 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाए। राहुल वर्मा ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए 39 गेंदों पर 59 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि कनिष्क चौहान ने 26 रन का योगदान दिया। फतेहाबाद की ओर से वीरू सिंह ने 32 रन देकर 3 विकेट चटकाए। जीत के लिए मिले 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फतेहाबाद की पूरी टीम 20.3 ओवरों में महज 70 रनों पर सिमट गई। सिरसा के गेंदबाजों के सामने फतेहाबाद का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका; आदित्य कुमार ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। सिरसा की ओर से माधव नैन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4.3 ओवर में सिर्फ 7 रन देकर 3 विकेट झटके, वहीं कनिष्क चौहान और अभिषेक नोजल ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

### भिवानी ने एचसीए सी को हराया

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड ए) में खेले गए मुकाबले में भिवानी ने एचसीए सी की टीम को वीजेडी नियम के तहत 143 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भिवानी ने 27 ओवरों में 4 विकेट खोकर 191 रन बनाए। भिवानी की ओर से रियान सिंह ने 60 गेंदों में शानदार 61 रन और मयंक शांडिल्य ने 35 गेंदों में ताबड़तोड़ 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा पार्थ नागिल (30*) और विशाल चौहान (14*) नाबाद रहे। एचसीए सी की तरफ से आदित्य भारद्वाज ने 2 विकेट चटकाए। जीत के लिए मिले 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीए सी की टीम भिवानी के गेंदबाजों के आगे टिक न सकी और 16.3 ओवर में महज 66 रनों पर ऑलआउट हो गई। भिवानी के स्पिनर सिद्धार्थ दलाल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5.3 ओवर में 26 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि साहिल ढुल ने 3 विकेट हासिल किए।

## न्यूज डायरी



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में 'रेनी डे सेलिब्रेशन'

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल के तीनों विंग्स (जॉन वेस्ले कॉन्वेंट, शाइनिंग स्टार्स एवं गैलेक्सी) में बाल वाटिका 1 से 3 के नन्हे विद्यार्थियों के लिए वर्षा ऋतु की तैयारियां विषय पर विशेष 'रेनी डे सेलिब्रेशन' का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हें बच्चों को खेल-खेल में वर्षा ऋतु के महत्त्व, पर्यावरणीय लाभों और आवश्यक सावधानियों से अवगत कराना था। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक तथा उपप्रधानाचार्य श्रीमती मधुलिका ने बच्चों को वर्षा ऋतु में स्वच्छता और सुरक्षित रहने के उपयोगी टिप्स दिए।




### पठानिया स्कूल में सीपीआर का प्रशिक्षण दिया

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में 21 जुलाई 2026 को 'सीपीआर दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के 'पंचमुखी बेसिक लाइफ सपोर्ट' कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 200 से अधिक विद्यार्थियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों में तुरंत और सही कदम उठाने के लिए सक्षम बनाना था। विद्यार्थियों व प्रतिभागियों ने आपात स्थिति में सजगता और जिम्मेदारी से कार्य करने की शपथ ली।

### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में वॉलीबॉल प्रतियोगिता



**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'इंटर-हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में सारागढ़ी टीम ने कारगिल टीम को हराकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य आर के खन्ना ने सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



### दयावती मोदी अकादमी में विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी अभियान एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत दयावती मोदी अकादमी, रोहतक में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाकर हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य राजीव ढाका ने कहा कि एक पेड़ लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक छात्र को पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए ताकि हरित क्रांति को नई दिशा मिल सके।



### बाबा मस्तनाथ विवि में कारगिल के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विवि में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना और मानविकी संकाय के संयुक्त तत्वावधान में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के 40 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में फिजियोथेरेपी विभाग की स्नेहा ने प्रथम, यशस्वी ने द्वितीय तथा लब्धी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विवि के कुलपति प्रो. बीएम यादव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है।



### सांगवान इंटरनेशनल स्कूल : 100 मीटर दौड़ में हर्ष प्रथम ने मारी बाजी

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने छोटू राम स्टेडियम में आयोजित अंडर-14 ब्लॉक (स्कूल स्तरीय) एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता मछात्र हर्ष ने अंडर-14 की 100 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, कक्षा 10वीं के मेधावी छात्र आरुष पांडे ने 200 मीटर दौड़ में अपनी तेज रफ्तार से दूसरा स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस दोहरी सफलता से स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।




### आईबी स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन, छात्र परिषद ने ली शपथ

**रोहतक।** आईबी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार और विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत ढुल उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया व पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद विद्यालय में अनुशासन और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करेगी।

**बेदखली सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री राम सिंह निवासी वार्ड नं. 1, देव कॉलोनी, खेड़ी सांपला तहसील सांपला जिला रोहतक हरियाणा अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र विपिन मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यों व लेन देन व किसी प्रकार के कानूनी व गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**

REQUIRES

- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## हमारी दो बेटियों ने टॉप किया, 24 तक जमा करवानी होगी फीस

# एमडीयू रोहतक में पीजी कोर्स की पहली काउंसिलिंग 23 को एमए एजुकेशन में कोमल और रितू ने 99 अंक प्राप्त किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की दाखिला काउंसिलिंग 23 जुलाई से शुरू हो रही है। विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों में प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर सीटें भरी जाएंगी। मंगलवार को मेरिट लिस्ट जारी की गई। जिसमें एमए एजुकेशन में हमारी दो बेटियों ने टॉप किया है। इसमें कोमल और रितू दोनों ने 100 में से 99 अंक प्राप्त किए हैं। इसमें पीजी कोर्स में दाखिले के लिए कुल चार चरणों में काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। प्रथम काउंसिलिंग 23 जुलाई को होगी, जिस विद्यार्थी का पहली काउंसिलिंग में नाम आ जाएगा उसको सीट पक्की करने के लिए 24 जुलाई तक फीस जमा करानी होगी।

### इन विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाई जगह

| कोर्स नाम | विद्यार्थी | अंक | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एमए एजुकेशन | कोमल | 99 | एमए राजनीति विज्ञान | प्रेरण | 72 |
| एमए एजुकेशन | रित | 99 | एमएससी रसायन विज्ञान | देवांशी | 47 |
| एमए अंग्रेज | दीपांशु | 80 | एमएससी स्टैटिक्स | जागलत्ता | 80 |
| एमएम अंग्रेजी | शालिनी | 75 | एमए हिंदू स्टडीज | योगी | 88 |
| एमए पत्रकारित व जनसंचार | ललित | 80 | एमए हिंदू स्टडीज | अजय | 88 |
| एमए पत्रकारित व जनसंचार | सुमित | 78 | एमए अर्थशास्त्र | नेहा | 96 |
| एमए हिंदी | भारती | 63 | एमए अर्थशास्त्र | कीर्ति | 87 |
| एलएलबी ऑनर्स तीन साल | कर्मजीत | 87 | एमए भूगोल | खुशी | 66 |
| एलएलबी ऑनर्स तीन साल | हन्नी | 84 | एमए भूगोल | नितेश | 64 |
| एमएससी गणित | अभिषेक | 64 | एमए फाइन आर्ट | अंजली | 77 |
| | | | एमए फाइन आर्ट | दीपक | 73 |

**दूसूरी काउंसिलिंग 28 को :** द्वितीय काउंसिलिंग 28 जुलाई और तृतीय काउंसिलिंग 3 अगस्त को आयोजित की जाएगी। इसके बाद भी यदि विभागों में सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो उन्हें 12 अगस्त को आयोजित होने वाली फिजिकल ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से भरा जाएगा। काउंसलिंग के दिन सभी अभ्यर्थियों को सुबह 9 बजे संबंधित विभाग में अपने मूल दस्तावेज लेकर पहुंचना होगा।

# नेकी राम शर्मा कॉलेज ने जारी की यूजी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नेकी राम शर्मा राजकीय कॉलेज, रोहतक ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों की पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। जारी की गई सूची के अनुसार, ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी (एआईओसी) में बीए राजनीति विज्ञान (ऑनर्स/मेजर) की कटऑफ सबसे अधिक 100.6 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि बीए हिंदी और बीएससी फिजिकल साइंस की कटऑफ सबसे कम रही है।

**मनोविज्ञान और भूगोल को लेकर दिखा उत्साह :** कॉलेज प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस बार मनोविज्ञान और भूगोल जैसे विषयों के प्रति विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया। बुधवार को फाइनल मेरिट व पहली लिस्ट जारी की जाएगी। जिस विद्यार्थी का पहली लिस्ट में ना आ जाएगा उसको सीट पक्की करने के लिए 23 से 27 जुलाई तक फीस जमा करानी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट 29 जुलाई को जारी की जाएगी।

### मेरिट लिस्ट

| कोर्स | प्रतिशत |
|---|---|
| बीए राजनीति विज्ञान | 100.6% |
| बीए साइकोलॉजी | 99.4 |
| बीए भूगोल | 99.0% |
| बीए इतिहास | 98.6% |
| बीकॉम | 97.2% |
| बीएससी मैथ्स | 97.0% |
| बीए हिंदी | 91 |
| बीएससी फिजिकल | 91.2% |
| बीए (जनरल) | 94.6% |
| बीए इकोनॉमिक्स | 95.6% |
| बीए इंग्लिश | 95.8% |

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना : पति समेत सात ससुरालवालों पर मुकदमा दर्ज

**रोहतक।** महिला थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पति सहित सात ससुरालीजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रूपनगर निवासी मीनाक्षी वर्मा ने शिकायत में बताया कि उसका विवाह नरवाना निवासी अरुण वर्मा से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद पति और ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार, मायके पक्ष ने कई बार उनकी मांगें पूरी कीं, लेकिन इसके बावजूद दहेज की मांग लगातार बढ़ती रही। अतिरिक्त दहेज न मिलने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति अरुण वर्मा, ससुर कृष्ण चंद्र, सास सावित्री, देवर किशन, देवरानी दीक्षा, जेठ राजेश और प्रेमचंद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वर्षों पुरानी 8 इंची सीवर लाइन बढ़ती आबादी के सामने नाकाफी

# समस्याओं से 'आजाद' नहीं आजादगढ़ के लोग, सड़कें लबालब, घरों में कैद

- बारिश के कारण सड़क पर खड़ा पानी, सीवर भी ओवरफ्लो, बाहर निकलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिटी पल्स

बारिश ने आजादगढ़ कॉलोनी की बदहाल व्यवस्था की पोल खोल दी। कॉलोनी की सड़कें जलमग्न हो गईं, जगह-जगह टूटी सड़कें तालाब और जाम सीवर लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गए। हालात ऐसे हैं कि सीवर का गंदा पानी कई दिनों तक सड़कों पर जमा रहता है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समस्या से परेशान लोगों ने नगर निगम से सड़क और सीवर व्यवस्था में स्थायी सुधार की मांग करते हुए समाधान शिविर में अधिकारियों को को शिकायत सौंपी हैं।



**रोहतक।** आजादगढ़ में सड़क पर हुआ जलभराव। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय लोगों का कहना है कि 8 इंच की पुरानी सीवर लाइन बढ़ती आबादी के दबाव में नाकाफी साबित हो रही है। बारिश में सीवर ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जिससे लोगों को परेशानी और संक्रमण का खतरा बना रहता है। निवासियों ने 8 इंच की पुरानी सीवर लाइन हटाकर 16 इंच की नई लाइन बिछाने और टूटी सड़कों के जल्द निर्माण की मांग की है। शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। बरसात में सड़क और सीवर का अंतर मिट जाता है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। दोपहिया चालक फिसल रहे हैं और बुजुर्गों व बच्चों को परेशानी हो रही है।

**सीवर ओवरफ्लो**



आजादगढ़ की सड़कें टूटी हुई हैं और सीवर ओवरफ्लो रहता है। पुरानी 8 इंच लाइन पर्याप्त नहीं है। 16 इंच की नई सीवर लाइन और सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर समाधान शिविर में शिकायत दी है। -**महावीर**, स्थानीय निवासी

**जलभराव बड़ी समस्या**



आजादगढ़ में सीवर जाम और जलभराव की समस्या लंबे समय से है। बारिश में सड़कें तालाब बन जाती हैं। प्रशासन को जल्द समाधान करना चाहिए। -**देवेंद्र महादेव**, रेसलिंग एकेडमी

## न्यूज डायरी

### ई-रिक्शा चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार



**रोहतक।** पीजीआईएमएस थाना पुलिस ने गांधी कैंप क्षेत्र से ई-रिक्शा चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनोज पुत्र रामब्रीज, मूल निवासी उत्तर प्रदेश और वर्तमान निवासी गांधी कैंप के रूप में हुई है। गांधी कैंप निवासी पंकज ने 15 जुलाई को शिकायत दी थी कि घर के बाहर खड़ी उसकी ई-रिक्शा रात के दौरान चोरी हो गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय जानकारी के आधार पर 20 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। पुलिस चोरी की ई-रिक्शा बरामद करने और मामले की आगे जांच में जुटी है।




### एलपीएस बोसार्ड-रोटरी क्लब ने लगाए 132 पौधे

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एलपीएस बोसार्ड और रोटरी क्लब ऑफ रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-2 स्थित पीएफ कार्यालय के पास पौधरोपण अभियान चलाया गया। प्रबंध निदेशक राजेश जैन के नेतृत्व में आम, जामुन, नींबू, कीनू, आंवला और शीशम सहित 132 पौधे लगाए गए। राजेश जैन ने बताया कि एलपीएस बोसार्ड जिले में अब तक लाखों पौधे लगा चुका है और युवाओं से पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. सुनील मुंजाल, सचिव एसके सचदेवा, अमित गुप्ता, मनोज बतरा, नवीन, मेहता और दीपक मलिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 26 जुलाई को लगेगा अंत्योदय मेला 47 योजनाओं का मिलेगा लाभ

**रोहतक।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) 2.0 के तहत गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र के पात्र परिवारों के लिए 26 जुलाई को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हॉल में अंत्योदय मेला आयोजित किया जाएगा।



अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि मेला सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा और करीब तीन हजार पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। मेले में 19 विभागों के अधिकारी 47 जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे तथा पात्र लाभार्थियों के आवेदन भी मौके पर स्वीकार किए जाएंगे। विभिन्न बैंकों के स्टॉल पर ऋण और वित्तीय सहायता संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। सांपला की एसडीएम अंकिता पंवार ने पात्र लाभार्थियों से समय पर पहुंचने की अपील करते हुए अधिकारियों को आवेदन प्रक्रिया में पूरा सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सावधान! रात को आपसे टकरा सकता है गोवंश, 6 माह से नहीं पकड़ रहा निगम

- बरसात में खेतों में भरा पानी, सड़कों पर आएगा गोवंश, हादसे बढ़ने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में नगर निगम का आवारा गोवंश पकड़ने का अभियान करीब छह माह से बंद पड़ा है। इसके चलते प्रमुख सड़कों, बाजारों और बाईपास पर बड़ी संख्या में गोवंश घूम रहे हैं। बरसात के मौसम में खेतों में पानी भरने और चारे की कमी के कारण गोवंश सड़कों की ओर आने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है।नगर निगम द्वारा पकड़े गए गोवंश को पहरावर गोशाला में रखा जाता है, लेकिन यहां करीब तीन हजार से अधिक गोवंश होने के कारण नई जगह की कमी हो गई है। इसी वजह से अभियान प्रभावित हो रहा है।सब्जी मंडी, अनाज मंडी, हिसार रोड, जींद रोड बाईपास, नया बस अड्डा, आईएमटी और दिल्ली बाईपास समेत कई क्षेत्रों में गोवंश के झुंड नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने निगम से गोशाला की क्षमता बढ़ाने और अभियान फिर शुरू करने की मांग की है, ताकि हादसों पर रोक लग सके।



**रोहतक।** सड़कों पर घूम रहे नंदी। फोटो : हरिभूमि

### नहरी पानी चोरी रोकने गई टीम पर हमला, केस दर्ज

- सरकारी वाहन रोककर कार्रवाई में डाली बाधा, कई ग्रामीण नामजद

**सांपला।** थाना पुलिस ने नहर विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कुछ नामजद ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जल सेवा उपमंडल दूल्हेड़ा के एसडीओ अक्षय कुमार की शिकायत के अनुसार, 18 जुलाई को विभागीय टीम नहर के पानी की चोरी रोकने के लिए गश्त कर रही थी। सूचना मिलने पर टीम अवैध पानी निकासी की जांच के लिए मौके पर पहुंची। आरोप है कि वहां मौजूद ग्रामीणों ने सरकारी वाहन रोक लिया, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान विभागीय कार्रवाई बाधित हो गई। शिकायत के आधार पर सांपला थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। नहर विभाग ने भी स्पष्ट किया कि पानी चोरी रोकने का अभियान लगातार जारी रहेगा और सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश 10 चालान काट 4500 रुपये जुर्माना वसूला

**रोहतक।** नगर निगम ने शहर में स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता और कार्रवाई दोनों तेज कर दी हैं। रेलवे स्टेशन और मानसरोवर पार्क में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को कूड़ा अलग-अलग रखने, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संदेश दिया गया। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने बताया कि मानसून के दौरान बीमारी रोकथाम के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के 10 चालान काटकर 4500 रुपये जुर्माना वसूला गया। निगम ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## मॉडल टाउन के पास बेकाबू कार ने दो दोपहिया वाहनों को रौंदा, दो घायल, चालक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मॉडल टाउन क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार कार ने दो दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने तुरंत घायलों को संभालते हुए पीजीआईएमएस रोहतक के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया और पुलिस को घटना की सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज गति से आ रही थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। इसी दौरान कार ने सड़क पर जा रहे दो दोपहिया वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और उन पर सवार लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से कार चालक को हिरासत में ले लिया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने सामान्य कराया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।






**रोहतक।** क्षतिग्रस्त मोटर साइकिल एवं घायल महिला। फोटो : हरिभूमि

## रोहित हत्याकांड: एएसपी कार्यालय पहुंचे परिजन व खाप प्रतिनिधि

- आठ माह बाद भी 10 से अधिक आरोपियों के फरार होने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड में न्याय की उम्मीद लिए एक बार फिर परिजन और खाप प्रतिनिधि पुलिस अधिकारियों के दरवाजे पहुंचे। करीब आठ माह बीत जाने के बावजूद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज परिजनों ने एएसपी से मुलाकात कर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि हर बार केवल आश्वासन मिलता है, लेकिन जमीन पर कार्रवाई अपेक्षित गति से नहीं दिख रही। परिजनों ने मामले की जांच तेज करने, फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और नई एसआईटी गठित करने की मांग उठाई। गांव हुमायूंपुर निवासी रोहित धनखड़ की हत्या के मामले में मंगलवार को परिजन और विभिन्न खाप पंचायतों के प्रतिनिधि एएसपी कार्यालय पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने एएसपी के समक्ष ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पुलिस अब तक केवल छह आरोपियों को ही गिरफ्तार कर सकी है, जबकि उनके अनुसार 10 से अधिक आरोपी अभी भी गिरफ्त से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि इतने संवेदनशील मामले में जांच की रफ्तार संतोषजनक नहीं है और फरार आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जरूरत है।



**रोहतक।** आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी से मिलने आए अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ के परिजन व खाप प्रतिनिधि।

### एनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका अहम : कुलपति

- आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, अनुसंधान और नवाचार से जुड़ने पर जोर दिया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) और सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल के संयुक्त तत्वावधान में मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम (एमएमटीटीपी) के तहत आठ दिवसीय ऑनलाइन एनईपी ओरिएंटेशन एंड सेंसेटाइजेशन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव का आधार है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, अनुसंधान और नवाचार से जुड़ने पर जोर दिया। पहले सत्र में जेएनयू के प्रो. दीपेंद्र नाथ दास ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षा और नैतिक मूल्यों की भूमिका पर विचार रखे, जबकि दूसरे सत्र में प्रो. संजय भारद्वाज ने अनुसंधान, शैक्षणिक नेतृत्व और समावेशी शिक्षा पर जानकारी दी। 21 से 28 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 100 से अधिक शिक्षाविद भाग ले रहे हैं।

### एमडीयू में दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण




**रोहतक।** एमडीयू में यूथ रेड क्रॉस समिति की ओर से एक दिवसीय सामान्य प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ अवसर पर कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि प्राकृतिक आपदा, आगजनी और आपात स्थितियों में जान बचाने के लिए युवाओं को सीपीआर, प्राथमिक उपचार और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के साथ सुरक्षा कर्मियों, पुस्तकालय और छात्रावास कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला रेड क्रॉस सोसायटी, सिविल डिफेंस और फायर विभाग की टीमों ने प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन और बचाव तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

### सुपवा में 23 को साहित्य सम्मान समारोह सीएम नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

**रोहतक।** दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में 23 जुलाई को सूर्य कवि दादा लख्मीचंद की 123वीं जयंती के अवसर पर साहित्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। डीएलसीसुपवा और हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदेश के 81 साहित्यकारों व विद्वानों को 40 श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।समारोह में हिंदी, हरियाणवी, संस्कृत, पंजाबी और उर्दू भाषा के साहित्यकारों को अलग-अलग वर्षों के लिए सम्मान प्रदान किए जाएंगे। हिंदी व हरियाणवी भाषा के 32, संस्कृत के 11, पंजाबी के 31 और उर्दू के 7 साहित्यकारों को सम्मान मिलेगा। इनमें आजीवन साहित्य साधना सम्मान, पंडित लख्मीचंद सम्मान, महाकवि सूरदास सम्मान सहित कई प्रमुख पुरस्कार शामिल हैं।डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि दादा लख्मीचंद के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय में उनकी जयंती पर सम्मान समारोह आयोजित होना गौरव का विषय है। रजिस्ट्रार गुंजन मलिक मनोचा ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 2 बजे केंद्रीय सभागार में होगा। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।



### सड़क सुरक्षा को लेकर सख्ती, अवैध कट बनाने वालों पर होगी एफआईआर

**रोहतक।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थानों पर पुलिस नाके लगाने, यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करने और बंद पड़े 14 सीसीटीवी कैमरे जल्द शुरू कराने को कहा। उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कट बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। बहु अकबरपुर रोड की खराब स्ट्रीट लाइटें एक सप्ताह में ठीक करने के आदेश दिए गए। वहीं, सभी निजी स्कूल बसों का अगले चार माह में सुरक्षा निरीक्षण कराने के निर्देश भी दिए गए।

## समाधान शिविर में 8,383 शिकायतें आई, 7,231 का निस्तारण, 367 मामले लंबित

# पीपीपी और निगम की शिकायतें सबसे ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक जिले में समाधान शिविर लोगों की शिकायतों का बड़ा मंच बनकर उभरे हैं। सरकारी पोर्टल के आंकड़े बताते हैं कि शिविर शुरू होने के बाद से अब तक 8,383 शिकायतें विभिन्न विभागों के खिलाफ दर्ज की गई हैं। इनमें से 7,231 शिकायतों के निस्तारण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज है, जबकि 367 शिकायतें अभी लंबित हैं। शेष शिकायतें जांच, सत्यापन अथवा अन्य प्रक्रिया में हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि लोगों की सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र(पीपीपी), नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, तथा राजस्व विभाग से संबंधित हैं।

### सबसे अधिक 2,990 शिकायतें परिवार पहचान पत्र से जुड़ी

सबसे अधिक 2,990 शिकायतें परिवार पहचान पत्र से जुड़ी दर्ज हुईं। इनमें 2,673 का निस्तारण किया गया, 312 शिकायतें अस्वीकार कर दी गईं और 5 मामले लंबित हैं। इससे स्पष्ट है कि परिवार पहचान पत्र अभी भी लोगों की सबसे बड़ी प्रशासनिक समस्या बना हुआ है। आय, परिवार के सदस्यों का विवरण, पात्रता और अन्य त्रुटियों को लेकर लोग लगातार समाधान शिविरों का रुख कर रहे हैं। दूसरे स्थान पर नगर निगम रहा, जहां से संबंधित 1,675 शिकायतें पोर्टल पर दर्ज हुईं। इनमें 1,395 का समाधान, 53 लंबित और 227 शिकायतें अस्वीकार की गईं। नगर निगम से जुड़ी शिकायतों में सीवर जाम, पेयजल निकासी, सफाई, स्ट्रीट लाइट, टूटी सड़कें, जलभराव और संपत्ति संबंधी मामलों की संख्या अधिक रही। तीसरे स्थान पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की 571 शिकायतें दर्ज हुईं। समाज कल्याण विभाग की 439, जिला राजस्व विभाग की 433 और पुलिस विभाग की 403 शिकायतें पोर्टल पर दर्ज की गईं। ये आंकड़े बताते हैं कि गांवों और शहरों दोनों में बुनियादी सुविधाओं तथा राजस्व संबंधी मामलों को लेकर लोगों की शिकायतें लगातार बनी हुई हैं।

### 71 विभागों से संबंधित शिकायतें समाधान शिविरों में पहुंचीं

इसके अलावा बिजली वितरण निगम की 254, सिंचाई विभाग की 133, शहरी विकास प्राधिकरण की 98, स्वास्थ्य विभाग की 97, आयुक्त कार्यालय, रोहतक की 70 तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की 69 शिकायतें दर्ज की गईं। कुल मिलाकर 71 विभागों से संबंधित शिकायतें समाधान शिविरों में पहुंची हैं, जिससे स्पष्ट है कि नागरिकों की समस्याएं केवल एक-दो विभागों तक सीमित नहीं हैं। आंकड़ों का विश्लेषण यह भी दर्शाता है कि शिकायतों की संख्या अधिक होने का अर्थ हमेशा खराब कार्यप्रणाली नहीं होता। जिन विभागों का आम जनता से रोजाना अधिक संपर्क रहता है, वहां शिकायतों की संख्या भी स्वाभाविक रूप से अधिक रहती है।

### सिर्फ निस्तारण नहीं स्थायी समाधान हो

दूसरी ओर, सैकड़ों शिकायतों के निस्तारण का दावा यह संकेत भी देता है कि समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, अस्वीकृत शिकायतों और लंबित मामलों की संख्या यह भी बताती है कि कई मामलों में दस्तावेजों की कमी, नियमों की बाध्यता या विभागीय प्रक्रिया के कारण तत्काल समाधान संभव नहीं हो पाता। प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि समाधान शिविरों की वास्तविक सफलता केवल शिकायतों की संख्या से नहीं, बल्कि उन मामलों से आंकी जाएगी जिनमें लोगों को स्थायी राहत मिली हो। आने वाले समय में लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण और बार-बार आने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान पर ध्यान देना प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### अंधेरा होते ही सड़कों पर उतरेगी पुलिस, अपराधियों की खैर नहीं

# अब सप्ताह में तीन बार चलेगा नाइट डोमिनेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक चलेगा अभियान
- सात टीमें एक साथ संभालेंगी मोर्चा
- स्थानों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर
- अपराधियों पर रहेगा सबसे ज्यादा फोकस
- वाहन चालकों पर भी होगी सख्ती

दिन में सामान्य दिखने वाली सड़कें अब रात होते ही पुलिस की सख्त निगरानी में होंगी। अपराधियों, नशा तस्करों और फरार बदमाशों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए रोहतक पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। अब हर सप्ताह तीन दिन पूरे जिले में नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया जाएगा। रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक पुलिस की संयुक्त टीमें जिलेभर में नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों, होटल-ढाबों, गेस्ट हाउस और सार्वजनिक स्थानों की सघन जांच करेंगी। अभियान का मकसद अपराधियों में कानून का भय पैदा करना और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के बाद जिले में इस अभियान को नियमित रूप से लागू किया जा रहा है। अभियान के दौरान शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस की सक्रिय मौजूदगी रहेगी। मुख्य मार्गों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। रात के समय होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान महत्वपूर्ण साबित होगा।

**होटल, ढाबों, गेस्ट हाउस और संदिग्ध वाहनों की होगी जांच**

### अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा



नाइट डोमिनेशन अभियान का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय पैदा करना और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। जिले में किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। सभी पुलिस इकाइयों को पूरी सतर्कता और समन्वय के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

-**गौरव राजपुरोहित**, एसपी रोहतक